संपादकीय

समृद्धि का संकल्प

निस्संदेह, स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री का देश को संबोधन महज रस्मी नहीं होता, इससे जहां सरकार की रीतियों-नीतियों व उपलब्धियों का पता चलता है, वहीं भविष्य की रणनीतियों का भी खुलासा होता है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश करते देश के सामने पंद्रह अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां देश के गौरवशाली अतीत का जिक्र करके राष्टीय आंदोलन के नायकों व शहीदों का भावपूर्ण स्मरण किया, वहीं एक नागरिक के रूप में हमारी जवाबदेही का अहसास भी कराया। उन्होंने देश की आजादी यात्रा के अमृतकाल में प्रवेश पर उन योजनाओं का भी खाका खींचा जो देश के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते वक्त स्वर्णिम तस्वीर उकेर सकेंगी। उन्होंने इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को तो जाहिर किया ही, साथ ही युवा शक्ति के देश से अपने सामर्थ्य से इस राष्टीय यज्ञ में आहुति देने का आह्वान भी किया, जिससे देश दुनिया में खुद को सबसे बड़े व सफल लोकतंत्र के रूप में साबित कर सके। उन्होंने युवा आबादी के रूप में देश के संसाधनों की ताकत का जिक्र करते हुए अमृतकाल के संकल्पों का पूरा होने का विश्वास भी जताया। प्रधानमंत्री ने जहां सहकारिता की अवधारणा पर बल देते हुए सरकार व समाज की सामूहिक भागीदारी का जिक्र किया, वहीं इस दिशा में प्रयासों के लिये सहकारिता मंत्रालय खोले जाने की जानकारी भी दी। प्रधानमंत्री ने उन बाधाओं को दूर करने के प्रति भी चेताया जो नये उद्यमों को शुरू करने तथा रचनात्मक प्रयासों में बाधक बनते हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास की दिशा में हमने नियम-प्रक्रियाओं के सरलीकरण की तरफ कदम बढ़ाया है, लेकिन इस दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। उन्होंने विकास की गति को मंथर करने वाली लाल फीताशाही को खत्म करने का आह्वान किया, जिसके लिये प्रधानमंत्री ने सरकारी विभागों व कर्मचारियों को कार्यशैली के सरलीकरण पर जोर दिया, जिससे भारत में नये उद्यम लगाने व उद्योगों के विकास की राह सरल बन सके। प्रधानमंत्री ने इस अमृतकाल की विशिष्ट यात्रा में जन-भागीदारी की वकालत की और मोदी सरकार के चिर-परिचित नारे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' में उन्होंने 'सबका प्रयास' भी जोड़ा है जो स्वतंत्रता सेनाओं के अथक प्रयासों से हासिल स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने में सहायक साबित होगा। साथ ही कहा कि हर व्यक्ति अपनी भूमिका के जरिये राष्ट विकास में अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करे। प्रधानमंत्री ने समतामूलक विकास की कड़ी में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिये सरकार द्वारा संसद में लाये गये विधेयक का जिक्र भी किया। वहीं बीते वर्ष सरकार द्वारा लाये गये तीन नये कृषि कानूनों के कुछ राज्यों में जारी विरोध के बीच प्रधानमंत्री ने किसानों को भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि देश के अस्सी फीसदी किसान दो हेक्टयेर जमीन पर जीविका उपार्जन कर रहे हैं। सरकार ने इस तबके को ध्यान में रखकर नीतियां तैयार की हैं। इनके लिये कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधे उनके खातों में भेजी गई है। सरकार का प्रयास है कि हर ब्लॉक स्तर पर कृषि उपज भंडारण की व्यवस्था की जाये। उनके भाषण में सबसे महत्वपूर्ण विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिये सौ लाख करोड़ खर्च करने का उल्लेख था। साथ ही उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों के प्रति सरकार की प्राथमिकता को उजागर किया और सभी पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों को रेल से जोड़ने का संकल्प जताया। इसके अलावा देश को जोड़ने के लिये 75 ट्रेन आरंभ करने की भी बात कही। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट को संबोधित करते हुए राष्टपति रामनाथ कोविंद ने कोरोना योद्धाओं के प्रयासों को सराहते हुए देशवासियों को चेताया कि अभी कोरोना संकट टला नहीं है, इसलिये सुरक्षा उपायों की अनदेखी न करें। उन्होंने कृषि क्षेत्र के उल्लेखनीय विकास, टोक्यो में खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन और कोविड संकट के बाद उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों का भी जिक्र किया। साथ ही जम्मू-कश्मीर में बदलाव को युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताया।

दुनिया के टॉप 100 अमीरों की सूची में शामिल हुए राधाकिशन दामानी

नईदिल्ली। दुनिया के 100 सबसे धनी कारोबारियों की सूची में एक और भारतीय कारोबारी राधाकिशन दमानी की एंट्री हो गई है। इस तरह से भारत के सात कारोबारी अभीतक दुनिया के टॉप 100 अमीरों की सूची में शामिल हो चुके हैं। आरडी के नाम से मशहूर राधाकिशन दमानी रिटेल चेन कंपनी डी-मार्ट के मालिक हैं। कंपनी के देशभर में 238 स्टोर हैं।

शेयर बाजार में महज 5000 रुपये की पूंजी लेकर कारोबार की शुरुआत करने वाले

राधाकृष्ण दमानी आज 19.2 अरब डॉलर यानी करीब 1.42 लाख करोड़ रुपये के मालिक बन गए हैं। अपने इस भारी भरकम नेटवर्थ की बदौलत दमानी ने दुनिया के टॉप 100 अमीरों की सूची में 98 वां स्थान हासिल कर लिया है।

ब्लूमबर्ग बिलियनरीज की ताजा रैंकिंग के मुताबिक दुनिया भर के पहले टॉप 100 रईसों की सूची में भारतीयों में मुकेश अंबानी 12वें स्थान, गौतम अडाणी 24वें स्थान, अजीम प्रेमजी 36वें स्थान, पालोनजी मिस्त्री 45वें स्थान, शिव नाडार 52 वें स्थान, लक्ष्मी मित्तल 75 वें स्थान और राधाकिशन दमानी 98 वें स्थान पर हैं।

राधाकिशन दमानी ने अपने भाई गोपी किशन दमानी के साथ मिलकर शेयर बाजार में निवेशक के रूप में काम करना शुरू किया था। शेयर बाजार से दमानी ने काफी संपत्ति बनाई। लेकिन साल 2000 तक उन्होंने शेयर के कारोबार से किनारा कर लिया। 2002 में दमानी ने डी-मार्ट का पहला स्टोर खोला, जिसके अब देशभर में 238 स्टोर हैं। कंपनी का मार्केट कैप 2.37 लाख करोड़ रुपये का हो चुका है। डी-मार्ट का आईपीओ 2017 में लॉन्च हुआ था, जिसमें निवेशकों को 299 रुपये के भाव पर शेयर का एलॉटमेंट हुआ था। शेयर बाजार में लिस्टिंग में ही इस शेयर ने 604 रुपये के स्तर पर लिस्ट होकर अपने निवेशकों को 100 फीसदी से अधिक का मुनाफा दिया।

2017 में डी-मार्ट का मार्केट कैप 39 हजार करोड़ रुपये का था, लेकिन कारोबार बढ़ने और उसके साथ ही शेयर के मूल्य में हुई बढ़ोतरी के कारण इसका मार्केट कैप 4 साल में बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। वहीं कंपनी का शेयर भी लगातार तेजी दिखाता रहा है।

शुरू हुआ इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो

नईदिल्ली। इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो राजधानी में शुरू हो गया जिसमें 15 देशों के 100 से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां भाग ले रही हैं। ये कंपनियां फायरआर्म्स, ड्रोन्स, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल फोरेंसिक, काउन्टर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल आदि में इनोवेशन्स पेश कर रही हैं। इसके आयोजक नेक्सजेन एक्ज़ीबिशन्स ने यहां जारी बयान में कहा कि इस दो दिवसीय एक्सपो में 15 देशों से 100 से अधिक कंपनियां हिस्सा ले रही है। इनमें इनडोइंग्स, फोस्टर प्लस फ्रीमैन, अप्लाईड कॉन्सेप्ट्स इंक, बायोनिक 8 एनालिटिक्स लिमिटेड, सेलेब्राईट, रैन्डॉक्स टेक्नोलॉजी, क्रेडेन्स सिक्योरिटी, साइबर आरोमोर, कल्याणी ग्रुप, टाटा अडवान्स्ड सिस्टम्स, अदानी डिफेन्स/ पीएलआर सिस्टम्स, सीएए इज़रायल आदि शामिल हैं।

सोनालिका समूह ने किसानों को ट्रैक्टर, उपकरण किराए पर देने के लिए ऐप पेश किया

नईदिल्ली। सोनालिका समूह ने गुरुवार को कहा कि उसने किसानों को उच्च तकनीक वाली कृषि मशीनरी किराए पर देने के लिए एक ऐप पेश किया है।

'सोनलिका एग्रो सॉल्यूशंस' ऐप किसानों को मशीनरी किराए पर देने वालों की एक श्रृंखला से जोड़ता है, जो अपने आसपास के क्षेत्र में उच्च तकनीक वाले कृषि उपकरण किराए पर देते हैं।

समूह ने एक बयान में कहा कि किसान अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में से चुन सकते हैं।

सोनालिका समूह के कार्यकारी निदेशक रमन मित्तल ने कहा, ''सोनालिका किसानों के लिए कृषि मशीनीकरण को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डिजिटलीकरण के इस युग में हमने विशेष रूप से ट्रैक्टर और उपकरणों को किराये पर लेने के लिए सोनलिका एग्रो सॉल्यूशंस ऐप पेश किया है, जिसके जरिए किसान उपलब्ध उन्नत कृषि मशीनरी का चुनाव अपने अनुसार कर सकते हैं।''

टाटा स्टील के कर्मचारियों को मिलेंगे 270.28 करोड़ का बोनस

नईदिल्ली। दुनिया की अग्रणी इस्पात उत्पादक कंपनियों में से एक टाटा स्टील कंपनी के सभी लागू डिवीजनों / इकाइयों के अपने योग्य कर्मचारियों को अकाउंटिंग ईयर 2020-2021 के लिए वार्षिक बोनस के रूप में कुल 270.28 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी. कंपनी ने बताया कि अकाउंटिंग ईयर 2020-2021 के एनुअल बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

कंपनी के विज्ञप्ति के मुताबिक, कंपनी के सभी लागू डिवीजनों/इकाइयों के योग्य

कर्मचारियों के लिए कुल भुगतान 270.28 करोड़ रुपये होगा. इसमें से जमशेदपुर में ट्यूब सहित विभिन्न डिविजन को 158.31 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी.

कर्मचारियों के औसतन, न्यूनतम और अधिकतम बोनस में भी बंपर बढ़ोतरी हुई है. कर्मचारियों न्यूनतम और अधिकतम एनुअल बोनस क्रमशः 34,920 रुपए और 3,59,029 रुपए मिलेगा. बोनस समझौते पर एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्रन, वाइस प्रेसिडेंट अत्रेय सरकार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित यूनियन की ओर से अध्यक्ष संजीव चौधरी, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह, जेनरल सेक्रेटरी सतीश कुमार सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए.

टाटा स्टील और टिस्को मजदूर यूनियन के बीच बुधवार को एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. ग्रोथ शॉप के लिए वार्षिक बोनस का कुल भुगतान लगभग 3.24 करोड़ रुपये है.

टाटा स्टील को पहली तिमाही में 9,768 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

टाटा स्टील को 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही में उसका एकीकृत नेट प्रॉफिट 9,768.34 करोड़ रुपए रहा. टाटा स्टील को एक साल पहले 2020-21 की समान अवधि में उसे 4,648.13 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ था. समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 53,534.04 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले 25,662.43 करोड़ रुपये थी.

कंपनी का खर्च पहले 29,116.37 करोड़ रुपए के मुकाबले बढ़कर 41,397.23 करोड़ रुपए हो गया. भारत की टाटा स्टील दुनिया की अग्रणी इस्पात उत्पादक कंपनियों में से एक है.

एमक्योर फार्मास्युटिकल्स ने सेबी के पास आईपीओ के लिए आवेदन किया

नईदिल्ली। बैन कैपिटल समर्थित एमक्योर फार्मास्युटिकल्स ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास आवेदन किया है।

मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ में 1,100 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि इसमें मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 18,168,356 शेयरों की बिक्री पेशकश

(ओएफएस) शामिल है।

ओएफएस के तहत प्रवर्तक सतीश मेहता और सुनील मेहता क्रमशः 20.30 लाख और 2.5 लाख शेयर बेचेंगे। निवेशक बीसी इन्वेस्टमेंट 4 लिमिटेड 99.5 लाख शेयर बेचेगा।

कंपनी में फिलहाल सतीश मेहता और सुनील मेहता की क्रमशः 41.92 फीसदी और 6.13 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि बीसी इंवेस्टमेंट्स की 13.09 फीसदी हिस्सेदारी है।

कंपनी आईपीओ से पहले 200 करोड़ रुपये तक के नियोजन पर विचार कर रही है। यदि यह पूरा होता है, तो निर्गम के आकार को कम कर दिया जाएगा।

निर्गम से मिली राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

भारतीय मिश्रित 4X400 मीटर रिले टीम ने अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता कांस्य

नईदिल्ली। भारतीय मिश्रित 4×400 मीटर रिले टीम ने यहां बुधवार को अपनी हीट एक में पहला स्थान हासिल करके केन्या के नैरोबी में चल रही अंडर -20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। लेकिन भारतीय रिले टीम शाम को हुए फ़ाइनल में तीन मिनट 20.60 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक ही जीत पायी।

अब्दुल रज्जाक, प्रिया मोहन, सुमी और कपिल की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने हीट में 3:23.36 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ अपनी हीट जीती, जिसे बाद में नाइजीरिया ने दूसरी हीट में बेहतर किया। नाइजीरियाई खिलाड़ियों ने भारतीय टीम के समय से दो सेकंड तेज गति से यानी 3:21:66 सेकेंड के समय साथ दौड़ समाप्त की। नाइजीरिया ने तीन मिनट 19.70 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण और पोलैंड की चौकड़ी ने तीन मिनट 19.80 सेकेंड का समय निकालकर रजत पदक जीता। जमैका की टीम भारत से पिछड़कर चौथे स्थान पर रही। जमैका की टीम ने तीन मिनट 23.04 सेकण्ड का समय निकाला। भारत की सबसे तेज क्वार्टरमाइलर प्रिया अपनी हीट में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन दो सबसे तेज नॉन-ऑटोमैटिक क्वालिफायर के बीच दौड़ समाप्त करने के बाद उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के फाइनल में जगह बनाई। दरअसल तीन हीट में से शीर्ष दो और हारने वालों में दो सबसे तेज धाविकाओं को फाइनल में स्थान दिया गया।

आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों और सेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है।

वृषभ :- आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। संतान या रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है।

कर्क :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें।

सिंह :- आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी।

कन्या :- आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं।

तुला :- आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है।

वृश्चिक :- आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने की संभावना रहेगी।

धनु :- आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा।

मकर :- आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे।

कुम्भ :- आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

मीन :- आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है।

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने नहीं की सगाई

काफी समय से कैटरीना कैफ और विक्की कौशल अपनी रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। दोनों ने भले ही अब तक अपना रिश्ता स्वीकार ना किया हो, लेकिन फैंस उन्हें एक होते देखना चाहते हैं। पिछले कई दिनों से उनकी शादी को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। पर ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि कैटरीना ने विक्की से गुपचुप सगाई कर ली है, लेकिन असल में ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक कैटरीना और विक्की एक-दूसरे को डेट जरूर कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने

अपना रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाया है। उनकी सगाई को लेकर फैल रहीं खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। दरअसल, फोटोग्राफर विरल भयानी के सोशल हैंडल पर शेयर किए गए एक पोस्ट में लिखा गया, सगाई की अफवाहें हैं। कहा जा रहा है कि दोनों ने रोका कर लिया है। आधिकारिक ऐलान का इंतजार है। तब तक के लिए ये खबरें अफवाहें।

कैटरीना और विक्की ने अपने रिश्ते पर चुप्पी साधी हुई है। हालांकि, पिछले महीने दोनों के कॉमन फ्रेंड और अभिनेता हर्षवर्धन कपूर ने उनके रिश्ते की पोल खोल दी थी। एक चैट शो में हर्षवर्धन से पूछा गया था कि इंडस्ट्री के कौन से अफेयर हैं, जिनके साथ होने की अफवाह को वह सच मानते हैं। जवाब में एक्टर ने कहा था, विक्की कौशल और कैटरीना साथ हैं। यह सच है। इसके बाद अब मैं मुसीबत में फंसने वाला हूं।

शादी के बाद यामी गौतम ने बदला अपना नाम

यामी गौतम बॉलीवुड की दिलकश अभिनेत्री हैं। अपनी सुंदरता और मुस्कान से इन्होंने लाखों प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। फिल्मों के अलावा इस साल वह अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर लाइम लाइट में रही हैं। इस साल जून में यामी ने चर्चित फिल्ममेकर आदित्य धर के साथ अपनी शादी रचाई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि शादी के बंधन में बंधने के बाद उन्होंने अपने नाम में बदलाव किया है।

यामी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अपना

नाम बदल लिया है। उन्होंने अपने नाम में अपने पति आदित्य का सरनेम धर जोड़ा है। इस प्रकार अब उनका नया नाम यामी गौतम धर होगा। हालांकि, इस बारे में बता पाना मुश्किल होगा कि उन्होंने अपना नाम कब बदला है। जब यामी ने अपनी आगामी फिल्म भूत पुलिस का पोस्टर शेयर किया, तो लोगों का ध्यान उनके बदल हुए नाम की तरफ गया।

बहुत ही टेस्टी डिश है चिकेन वफल

सामग्री :

4 कप आटा जो अपने आप फूल जाए, 1 बड़ा चम्मच वनीला, 1/2 कप सफेद चीनी, 1 बड़ा चम्मच दालचीनी, 1/2 चम्मच नमक, 3 बड़े अण्डे, 1 स्टिक मक्खन (पिघला हुआ), आवश्यकतानुसार दूध

विधि :

वफ़ल का बैटर बनाना- एक बाउल में आटा, चीनी और नमक मिलाकर इस तरह से फैलाएं कि बीचों-बीच गहरी जगह बन जाए। अब इसमें दूध, अण्डा, पिघला मक्खन और वनीला डालें। फिर सभी चीज़ों को मिलाकर तब तक फेंटे जब जब की स्मूद बैटर न बन जाएं। बहुत ज़्यादा नहीं हिलाना है।

वफ़ल्स को पकाना- अपने वफ़ल आयरन को पहले से गर्म करने के लिए प्लग-इन कर लें। गर्म आयरन के दोनों ओर ब्रश से पिघला हुआ मक्खन लगाएं और इसमें बैटर डाल दें। आपकी आयरन के मुताबिक निर्धारित समय के अनुसार वफल्स को पकाएं।

चिकन बाईट्स- चिकन ब्रेस्ट क्यूब के आकार में काटे हुए, आवश्यकतानुसार नमक और काली मिर्च, आधा बड़ा चम्मच कोर्नस्टार्च, लगभग 3-4 मिनट तक तेल को अच्छे से गर्म कर लें। एक कढ़ाई में कटे हुए बेकन को पकाएं जिससे ये कुरकुरे हो जाएं, अब इन्हें कढ़ाई में से निकाल लें। फिर इसमें बैकन फैट डालें, जब तक कि आधा चम्मच बाकी न रह जाए। इसमें कटे अखरोट डालें और हल्के टोस्ट होने तक पकाएं। इसमें 1/3-1/4 कप मेपल सिरप डालें, 3 मिनट के बाद बेकन डालें। चिकन बाईट्स और ताज़े वफ़ल्स को मेपल सिरप, अखरोट और बेकन की टॉपिंग से सजाएं। अगर चाहें तो इसमें चीनी भी डाल सकते हैं। और अब इस स्वादिष्ट रेसिपी का लुत्फ़ उठाएं।

शब्द सामर्थ्य- 175

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 174 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

सू-दोकू- 175

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.174 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7